हिंदी विभाग

CUPB/HINDI/2021/23
दिनांक: 02-03-2021

हिंदी विभाग की अकादमिक एवं प्रशासनिक समिति का कार्यवृत्त

हिंदी विभाग की अकादमिक एवं प्रशासनिक समिति की विभागीय बैठक 0 2 मार्च, 2021 को सांय 5:00 बजे संपन्न हुई जिसमे निम्न सदस्य उपस्थित थे:

1. डॉ. राजेन्द्र कुमार सेन, सह आचार्य (सदस्य एवं विभागाध्यक्ष)
2. डॉ. कुलभषूण शर्मा, सहायक आचार्य (प्रभारी, अकादमिक एवं प्रशासनिक समिति)
3. डॉ. दीपक कुमार पाण्डेय, सहायक आचार्य (सदस्य)

समिति की बैठक के मूल बिन्दू निम्न हैं :

1. प्रथम सेमेस्टर की सत्रांत परीक्षा का आयोजन

विभागीय समिति की बैठक में यह निर्णय लिया गया कि हिंदी परास्नातक प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों की सत्रांत परीक्षा का आयोजन विश्वविद्यालय द्वारा प्रदत्त समय-सारिणी के अनुरूप किया जाएगा तथा समिति द्वारा इस सन्दर्भ में परीक्षा तिथियों की रूपरेखा भी तैयार की गयी।

2. प्रथम सेमेस्टर के अधिन्यास एवं अवधि पत्र

विभागीय समिति की बैठक में यह निर्णय लिया गया कि परास्नातक प्रथम सेमेस्टर के सभी विद्यार्थी अपना अधिन्यास एवं अवधि पत्र पूर्ण कर विषय से संबंधित प्राध्यापक को जमा कर देंगे तथा इनका मूल्यांकन सभी प्राध्यापक 09 मार्च, 2021 तक पूर्ण कर लेंगे।

3.मार्च माह में साहित्यिक कार्यक्रम

विभागीय समिति की इस बैठक में ये निर्णय लिया गया कि मार्च माह में विभागीय स्तर पर एक साहित्यिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा जिसमे हिंदी के शिक्षकों सहित सभी विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों की सहभागिता रहेगी।

4. अप्रैल माह में वेबिनार का आयोजन

विभागीय समिति की इस बैठक में ये चर्चा की गयी कि अप्रैल माह में 'संत साहित्य' से संबंधित एक वेबिनार आयोजित करवाया जाएगा। इस कार्यक्रम की पूरी योजना शीघ्र बना कर संबंधित प्राधिकारी को सूचित किया जाएगा।

D/A-2913
15/3/21

5. विभागीय पुस्तकालय एवं अध्यक्ष कार्यालय हेतु पुस्तक अलमारी क्रय सम्बन्धी

विभागीय समिति की इस बैठक में यह निर्णय लिया गया कि विभागीय पुस्तकालय की स्थापना तथा अध्यक्ष कार्यालय की दैनिक आवश्यकताओं हेतु एक-एक पुस्तक अलमारी क्रय की जाए। इसकी अनुमति प्राधिकरण से प्राप्त करके विश्वविद्यालय नियमानुसार क्रय करने की प्रक्रिया शीघ्र आरम्भ की जाए।

Deepak Kumar Pandey

डॉ. दीपक कुमार पाण्डेय
सहायक आचार्य

डॉ. कुलभूषण शर्मा
सहायक आचार्य

डॉ. राजेन्द्र कुमार
सह आचार्य एवं विभागाध्यक्ष

DSLLC 15/3/2021

Seen

To DIA 16/3/21